# सुजानपुर महाविद्यालय में साइबर सुरक्षा पर जागरूकता सेमिनार



**सवेरा न्यूज/संवाददाता**

सुजानपुर, 8 अगस्त : राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय सुजानपुर टीहरा में राष्ट्रीय वित्तीय शिक्षा केंद्र के तत्वावधान में विद्यार्थियों को वित्तीय जागरूकता एवं साइबर सुरक्षा के प्रति सचेत करने के उद्देश्य से विशेष सेमिनार आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या डॉ. विभा ठाकुर ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों को वित्तीय शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बेहतर वित्तीय प्रबंधन हर व्यक्ति के लिए आवश्यक है। मुख्य वक्ता विकास चौहान ने साइबर सुरक्षा, वित्तीय नियोजन, आंकड़ा चोरी, डिजिटल बैंकिंग, क्रेडिट कार्ड के जिम्मेदार उपयोग तथा ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी से बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने ओटीपी, पासवर्ड, पिन और बैंकिंग संबंधी गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा न करने की सलाह दी। साथ ही आय, बचत, निवेश, शिक्षा ऋण और लागत-लाभ विश्लेषण की उपयोगिता भी समझाई। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया और वित्तीय रूप से जागरूक तथा डिजिटल रूप से सुरक्षित रहने की महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की।